राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
परिवहन विभाग
5/9, अण्डर हिल रोड़, दिल्ली – 110054

सं. एफ 19(04)/परि०वि०/सचि० शा०/2019/123626 दिनांक : 31/12/2021

सेवा में,

उप–सचिव (प्रश्न),
दिल्ली विधान सभा सचिवालय,
पुराना सचिवालय, दिल्ली – 110054

<u>विषय :– दिनांक 03/01/2022 को सदन की बैठक में लिए जाने वाले अतांराकित प्रश्न संख्या 14</u>

महोदय,

आपके पत्र के संदर्भ में उपरोक्त प्रश्न के उत्तर की 100 प्रतियॉ संलग्न है।

यह माननीय परिवहन मंत्री के पूर्व अनुमोदन से जारी हुआ है।

(विकास जैन)
पीसीओ (सचि०)

VIKAS JAIN
Pollution Control Officer
Transport Department
5/9, Under Hill Road, Delhi-54

Scanned with CamScanner

विभाग का नाम	–	परिवहन विभाग, दिल्ली सरकार
विभाग का पता	–	5/9, अंडर हिल रोड़, दिल्ली – 110054
अतारांकित प्रश्न संख्या	–	14
सदस्य का नाम	–	श्री अभय वर्मा
दिनांक	–	03.01.2022

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क. सं.	प्रश्न	उत्तर
क	दिल्ली परिवहन विभाग की बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की गई है, इससे वर्ष 2021 में 1 जनवरी, 2021 से 21 दिसम्बर, 2021 तक कुल कितनी महिलाओं को लाभ हुआ है;	दिल्ली परिवहन विभाग (दिल्ली परिवहन निगम एवं क्लस्टर) बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा प्रदान की गई। इसमें वर्ष 2021 में (01 जनवरी, 2021 से 21 दिसंबर, 2021 तक) कुल 24,43,29,539 महिलाओं को लाभ हुआ है।
ख	इस योजना को लागू करने के लिए सरकार ने इस पर कुल कितनी धनराशि खर्च की है;	योजना को लागू करने के पश्चात् सरकार द्वारा इस मद में लगभग 484.15 करोड़ रूपए की धनराशि व्यय की गई है।
ग	सरकार द्वारा दिल्ली परिवहन निगम की बसों में अब तक कुल कितने महिला मार्शलों की नियुक्ति की गई है और वर्ष 2021 में 1 जनवरी, 2021 से 21 दिसम्बर, 2021 तक इन महिला माशर्लों पर कुल कितनी धनराशि खर्च की गई है;	दिल्ली परिवहन निगम में 27.12.2021 तक कुल 527 महिला मार्शलों की नियुक्ति की गई है और वर्ष 2021 में (1 जनवरी, 2021 से 21 दिसम्बर, 2021 तक) इन महिला माशर्लो पर लगभग 13.67 करोड़ रुपये का व्यय हुआ, इसके अतिरिक्त क्लस्टर बसों में 01 जनवरी, 2021 से 21 दिसम्बर, 2021 तक दैनिक औसतन 955 महिला मार्शल की तैनाती होती है। इस अवधि में इस कार्य में कुल 21.70 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय की गई है। अतः इस मद में लगभग 35.37 करोड़ रुपये की कुल धनराशि खर्च की गई।
घ	1397 नये आधुनिक बस क्यू शैल्टरों में से लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल कितने नये आधुनिक बस क्यू शैल्टर बनाना प्रस्तावित है, विस्तृत विवरण दें;	1397 नये आधुनिक बस क्यू शैल्टरों में से लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 10 नये बस क्यू शैल्टर बनाना प्रस्तावित है।
ड़	क्या सरकार के पास लक्ष्मी नगर मैटो स्टेशन का नाम शकरपुर–लक्ष्मी नगर मैटो स्टेशन करने के लिए कोई प्रस्ताव है; और ...	जी हां।

ASHISH KUNDRA, IAS
Pr. Secretary-Cum-Commissioner (Tpt)
Transport Department,
Govt. of Delhi
5/9, Under Hill Road, Delhi-110054

Scanned with CamScanner

च	यदि हाँ, तो यह कार्य कब तक पूरा होगा ?	इस संदर्भ में समय–समय पर प्राप्त अनुरोधों को तदानुसार शहरी विकास विभाग, दिल्ली सरकार को अग्रिम कार्यवाही एवंम निर्णय हेतु राज्य नामाकरण प्राधिकरण (State Naming Authority) के समक्ष रखने के लिए अनुरोध किया गया है।

(आशीष कुन्द्रा)
प्रमुख सचिव सह आयुक्त (परिवहन)
विभागाध्यक्ष

ASHISH KUNDRA, IAS
Pr. Secretary-Cum-Commissioner (Tpt)
Transport Department,
GNCT of Delhi
5/9, Under Hill Road, Delhi-110054

Scanned with CamScanner